खस्ताहाल सड़क से मिलेगी निजात, जलेबी चौक से नेहरू चौक होगा सीमेंटीकरण कार्य

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के केम्प एरिया में विकास कार्य के लिए आज पीडब्ल्यूडी प्रभारी ने भूमिपूजन किया। जलेबी चौक से नेहरू चौक तक सीमेंटीकरण कार्य किया जाएगा इसके लिए आज महापौर नीरज पाल के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी प्रभारी एकांश बंछोर ने स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। अब खस्ताहाल सड़क से लोगों को शीघ्र निजात मिलेगा। पटरीपार क्षेत्र में महापौर ने विकास कार्य की सौगात दी है। हजारों लोगों का आना जाना इस रास्ते से लगा रहता है इसको देखते हुए महापौर ने प्रमुखता से इस कार्य को करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे इसी तारतम्य में अब सीमेंटीकरण का काम किया जाएगा। भूमि पूजन के बाद इसका काम एजेंसी टीबी इंटरप्राइजेज के द्वारा प्रारंभ किया जाएगा इसका कार्य आदेश निगम ने जारी कर दिया है। अधोसंरचना मद से कार्य होगा। जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर एरिया के वार्ड 30 में विकास कार्य के लिए 16 लाख रूपए की लागत से होने वाले सीमेंटीकरण कार्य के बाद स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन के लिए पहूंचे जनप्रतिनिधियों का वार्ड के नागरिकों ने आत्मीय स्वागत किया और आवागमन के सहूलियत के लिए बनाए जाने वाले सीसी रोड बनावाने पर महापौर एवं निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किए। भिलाई निगम क्षेत्र के जोन 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 30 प्रगति नगर केम्प 01 में पार्षद एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रभारी तथा एमआईसी मेंबर एकांश बंछोर ने महापौर श्री पाल के निर्देश पर आज सुबह वार्ड के नागरिको की उपस्थिति में सीमेंटीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन किया इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क का सीमेंटीकरण कार्य पूर्ण होने से वार्ड स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई देगा तथा बारिश के सीजन में कीचड़ से निजात मिलेगी। निगम प्रशासन क्षेत्र में मूलभूत सुविधओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है, पूरे निगम क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल , स्वच्छता संबंधी गतिविधि तथा आवश्यकता अनुरूप निगम द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन 03 मदर टेरेसा नगर के जोन अध्यक्ष संतोष नाथ सिंह उर्फ जालंधर, वार्ड 30 की पार्षद सत्यादेवी जायसवाल, वार्ड के पूर्व पार्षद जी.राजू, निगम से उपअभियंता प्रिया खैरवार एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी सहित वार्ड के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।